एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
अमृत विचार
...या विक्रम संवत 2082 | बरेली | मंगलवार, 23 सितंबर 2025, वर्ष

PAGE NO. 5: TOP

# एसआरएमएस ने चौधरी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज के मैदान में सोमवार को हुए क्रिकेट मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने चौधरी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया। टॉस जीतकर चौधरी अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 111 ही बना पायी।

टीम के इंजमाम ने 26, अभिनव ने 22 और विमल ने 19 रन बनाए। एसआरएमएस ने 25 ओवर और तीन गेंद में ही पांच विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। एसआरएमएस की ओर से विजय गंगवार ने 37, अभिमन्यु नॉटआउट 14, हर्षित ने 15 रनों का योगदान दिया। चौधरी अकादमी की ओर से इंजमाम और अभिनव ने दो-दो विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच अंशुमन कश्यप को चुना गया। मैच चेंजर अवार्ड विजय गंगवार को दिया गया। सचिव मनीष सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला मैच शर्मा क्रिकेट अकादमी और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बीच और दूसरा मैच जीपी क्रिकेट अकादमी और चौधरी क्रिकेट अकादमी के मध्य होगा। इस मौके पर रोहित चौहान, अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।